नवभारत
भोपाल, शनिवार 23 मई, 2026

युवक की गोली मारकर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

वर्चस्व की लड़ाई में चली गोली, छोटे भाई पर भी चाकू से हमला, अर्थी लेकर थाने पहुंचे परिजन, मुख्य आरोपी सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. मोतीनगर थाना अंतर्गत विवेकानंद वार्ड मछरयाई स्थित गोंड बब्बा चबूतरा इलाके में पुरानी रंजिश और वर्चस्व की लड़ाई में 25 वर्षीय मयंक साहू की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसके छोटे भाई ओम साहू पर भी चाकू से हमला किया गया. वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई.

जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद परिजन मयंक की अर्थी लेकर सीधे मोतीनगर थाने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया और परिजनों को जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 21 मई की रात करीब 10.30 बजे की है. फरियादी ओम साहू और उसके भाई मयंक साहू का आरोपी पक्ष से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था. विवाद के दौरान आरोपी पक्ष ने अवैध हथियार से फायर कर दिया. गोली मयंक साहू को लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं ओम साहू पर भी चाकू से हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गया. हालांकि उसकी हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही मोतीनगर थाना पुलिस सक्रिय हो गई. नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई. थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने अपनी टीम के साथ रातभर लगातार दबिश दी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात के महज 12 घंटे के भीतर छह आरोपियों में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में एक विधि विरुद्ध बालक उम्र 16 वर्ष 11 माह निवासी बाघराज वार्ड आवासीय कॉलोनी थाना मोतीनगर, आर्यन आठिया पिता हरेंद्र आठिया उम्र 18 वर्ष 03 माह निवासी तिली गांव थाना गोपालगंज तथा एक 60 वर्षीय महिला आरोपी निवासी गजानंद अखाड़े के सामने विवेकानंद वार्ड थाना मोतीनगर शामिल हैं. वहीं मुख्य आरोपी यश सोनी सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी है. पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है,जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है.

अस्पताल में परिजनों से पूछताछ करती पुलिस

एडिशनल एसपी लोकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश और इलाके में वर्चस्व की लड़ाई से जुड़ा सामने आया है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है.

शहर में लगातार बढ़ रही हैं कटरबाजी की घटनाएं

जानकारी के अनुसार आरोपी यश सोनी और मृतक मयंक साहू एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे. दोनों पहले अच्छे दोस्त बताए जाते हैं लेकिन बाद में दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था. पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी यश सोनी के खिलाफ पहले से अड़ीबाजी, मारपीट और लूटपाट जैसे कई मामले दर्ज हैं. इस हत्याकांड को यश सोनी के भाई जय सोनी की हत्या से भी जोड़कर देखा जा रहा है, जय सोनी की करीब एक साल पहले होली के दौरान गणेश घाट पर हत्या हुई थी. पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि कहीं यह वारदात बदले की भावना में तो अंजाम नहीं दी गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में लगातार कटरबाजी, गैंगवार, अड़ीबाजी और अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस से अवैध हथियार और शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

कांग्रेस ने की आंदोलन की घोषणा

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गाँधी की प्रतिमा न्यू कैंट स्कूल के पास स्थित राजीव गाँधी पार्क में लगवानें को लेकर कांग्रेसजनों के द्वारा आन्दोलन की घोषणा की हैं.

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर लिये गये संकल्प को पूरा करनें और तय समय सीमा में स्व.राजीव गांधी जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में आंदोलन की रूपरेखा तय की गई. इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रवि उमाहिया, नरयावली युकां अध्यक्ष रोहित वर्मा ने बताया सिमर्थन अभियान, पैदल मार्च,मशाल जुलूस,धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित होंगे.

विनयांजलि सभा आज

सागर. आर्यिका श्री उपशममति माताजी तथा आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी की सड़क दुर्घटना में रीवा में समाधि हो गई थी. मुकेश जैन ढाना ने बताया सकल दिगंबर जैन समाज सागर द्वारा 23 मई शनिवार को रामपुरा चौराहे पर विनयांजलि सभा का आयोजन सुबह 8.15 बजे से किया गया है. उल्लेखनीय है कि आर्यिका श्रुत मति माताजी रामपुरा वार्ड की मूल निवासी थी और उनके ग्रहस्थ अवस्था के बड़े भाई वर्तमान में आचार्य संघ में मुनि श्री अचल सागर महाराज है जो तारादेही में विराजमान है.

एफआईआर निरस्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा के मार्गदर्शन में कलेक्टर परिसर में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया.

ज्ञापन में केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने, ओंकारेश्वर क्षेत्र में की जा रही तोड़फोड़ पर रोक लगाने तथा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग की गई. आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दयाराम आदिवासी ने कहा कि श्री पटवारी एवं आंदोलनकारी नेता अमित भटनागर सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की गई है, जो लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को बाधित करने जैसा प्रतीत होता है. आदिवासी कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष एवं पार्षद रिचा सिंह ने कहा कि खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा अंतर्गत स्थित पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर एवं नर्मदा नदी तट के आसपास पीढ़ियों से निवासरत आदिवासी परिवार बेघर होने की स्थिति में खड़े कर दिए गए हैं. जयस प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती सोनू रावत ने मांग की है कि एफआईआर तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए.

परीक्षाओं में मिली सफलता

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों और शोधार्थियों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है.

एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी महेंद्र अहिरवार ने गेट-2026 और शोधार्थी आर्ची जैन एवं गिरिजा शर्मा ने नेट में साथ ही सेट-में घनश्याम अहिरवार, आयुष जायसवाल, पल्लवी लोखंडे, शिवानी चक्रवर्ती, शिवम प्रजापति, साहिल सिंह, अनिकेत चतुर्वेदी ने सफलता हासिल की है. कुलपति प्रोफेसर वाय.एस. ठाकुर ने कार्यालय में बधाइयां दी.

मृतक के भाई ने थाने में ही डाला पेट्रोल

नवभारत न्यूज

बीना 22 मई. छोटी बजरिया में सरगोली गांव के एक युवक ने गुरुवार की शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया था. इलाज के दौरान युवक की सागर में मौत हो गई. पीएम के बाद परिजन शव लेकर बीना थाने पहुंचे.

कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने चार लोगों पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया. कार्रवाई न होने से नाराज होकर मृतक के भाई ने थाने में ही अपने ऊपर पेट्रोल डाल दिया. यह देख थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों ने युवक के ऊपर पानी डाल दिया. जानकारी के मुताबिक अभिषेक सिंह निवासी सरगोली ने जहरीला पदार्थ खा लिया था. परिजन उसे सिविल अस्पताल ले गए थे. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया था. जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई. पुलिस की कार्रवाई के बाद परिजन शव लेकर थाने पहुंच गए. जहां परिजनों ने चार लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया. मृतक के पिता महेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि गांव के ही चार लोग पिछले कई दिनों से उसके बेटे अभिषेक को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महिला संबंधी झूठे मामले में फंसाने और बदनाम करने की बेटे को धमकी दी जा रही थी.

कांग्रेस : कार्यकारिणी हुई घोषित

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है.

संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी ने बताया कि नवनियुक्त कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष अखिलेश मोनी केसरवानी नियुक्त किए गए हैं. उपाध्यक्ष संतोष सराफ, श्रीमती प्रमिला सिंह राजपूत, निरंजन सिंह घोषी, आर.आर. पाराशर, अभिषेक गौर, सौरभ हजारी, जतिन चौकसे, चंद्रभान सिंह दीवान, निर्भय सिंह ठाकुर एवं भाव सिंह यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है. महासचिव आंचल आठया, नंदकिशोर भारती, प्रशांत समैया, प्रभु मिश्रा, अवधेश तोमर, संजय चौधरी, बिहारी कुशवाहा, मोंटी यादव, अशरफ खान, एड. हरि नारायण कुशवाहा, अवधेश सिंह, सुरेंद्र सिंह राजपूत, देवेंद्र नायक, प्रकाश बजाज एवं देवव्रत तिवारी को दायित्व दिया गया है. सचिव बृजेंद्र मिश्रा, प्रियंका पांडे, मीनाक्षी साहू, धर्मेंद्र ठाकुर, बलवंत सिंह राजपूत, अनुप मिश्रा, दुष्यंत बुंदेला, डॉ. निलेश रीछारिया, इदरीश खान, चंदन सुहाने, संजना कुर्मी, मनोज राय, रामनिवास लोधी, पुरुषोत्तम शिल्पी, महेंद्र पटेल ओमप्रकाश राजपूत, सुरेंद्र कुशवाहा, प्रवीण लोधी, मोहिनी कश्यप,शिव कुमार चडार एवं खुशीलाल अहिरवार को नियुक्त किया गया है.

कला कार्यशाला में बच्चों को मिल रहा आयाम

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. बुंदेली लोक नृत्य व नाट्य कला परिषद, कनेरा देव द्वारा 15 दिवसीय नि:शुल्क कला कार्यशाला संचालित हो रही है. कार्यशाला में लोक नृत्य, लोक नाट्य के साथ-साथ पेंटिंग एवं पोर्ट्रेट कला का प्रशिक्षण भी बच्चों एवं युवाओं को प्रदान किया जा रहा है.

कार्यक्रम के तृतीय एवं अंतिम चरण में पोर्ट्रेट पेंटिंग कार्यशाला का शुभारंभ विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. विधायक श्री जैन ने रामसहाय पांडे के लोक कला क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने बुंदेली लोक संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने का कार्य किया. उन्होंने कहा कि लोक कलाएं हमारी सांस्कृतिक आत्मा हैं और इन्हें सहेजना एवं आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. विधायक श्री जैन ने परिषद द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव संतोष पांडे की विशेष प्रशंसा की. सीमित संसाधनों के बावजूद जिस प्रकार वे ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का कार्य कर रहे हैं.

जैन समाज ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. रीवा में आर्यिका उपसममति माताजी और आर्यिका श्रुतमति माताजी की सड़क दुर्घटना मे समाधी होने की हृदयविदारक घटना की निष्पक्ष , उच्च स्तरीय जांच एवं अविलंब कार्यवाही हेतु जैन पंचायत सभा सागर के अध्यक्ष मुकेश जैन ढाना के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया को ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में सभी जैन साधुओं के आहार, विहार और निहार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर के सरकार के निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब भी महाराज जी और माता जी के विहार हो उसकी सूचना संबंधित थाना को भेजी जाए. इस अवसर पर मुकेश जैन ढाना, सुरेंद्र जैन मालथौन, देवेंद्र जैना, मुकेश जैन पारस प्रदीप पड़ा, वीरेंद्र मालथौन, मनोज मोहित, अजय सराफ, सुनील जैन छाया रश्मि जैन रितु, पीसी नायक,इंदू नायक, प्रदीप रांधेलिया, सुदीप जैन सीए, प्रदीप मेमसाहिबा, संदीप बहेरिया, तरुण जैन,अजय लंबरदार, नीरज जैन सेमरा, विनोद ताजपुर,मुकेश लंबरदार, जिनेंद्र सिंघई मौजूद थे.

पांच पर मामला दर्ज

ललितपुर. बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का उल्लंघन करने पर पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने थाना बानपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई. शिकायतकर्ता छतरपुर के थाना धुवारा अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा निवासी चन्द्रपाल पुत्र मथुरा पाल ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन पर 17 वर्षीय बालिका के बाल विवाह की सूचना दी थी. शिकायत के अनुसार बालिका के माता-पिता द्वारा उसका विवाह थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम धुरवारा निवासी कमल सिंह पुत्र श्यामलाल पाल के साथ करा दिया गया. परिजनों ने समिति के समक्ष शपथ पत्र देकर बालिका की आयु पूर्ण होने के बाद विवाह कराने का आश्वासन भी दिया था.

जलाशय नहर मरम्मत में लापरवाही के आरोप

जेसीबी से लाइनर और सोल्डर क्षतिग्रस्त करने का आरोप, बिना बजट मरम्मत पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

शाहगढ़ 22 मई. चंदिया जलाशय से निकली मुख्य नहर की मरम्मत कार्य को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है.

किसानों का आरोप है कि हाल ही में रवि सीजन में गेहूं की फसल के अंतिम सिंचाई पानी के दौरान टूटी नहर की मरम्मत विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति के रूप में कराई जा रही है. यदि समय रहते गुणवत्तापूर्ण सुधार कार्य नहीं हुआ तो भविष्य में नहर दोबारा टूट सकती है, जिससे किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है. ग्रामीणों के अनुसार नहर सुधार कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है. मरम्मत कार्य के दौरान जेसीबी मशीन से पुलिया निर्माण करते समय नहर का बेड और लाइनर तक तोड़ दिया गया, इससे नहर की संरचना और कमजोर हो गई है. किसानों का कहना है कि जिस मशीन से मरम्मत कार्य किया जा रहा है, उसी से नहर को और अधिक नुकसान पहुंचा है. ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए तो मौके पर मौजूद लोग किसानों को ही डराने और दबाव बनाने लगे. किसानों का कहना है वे नहर की स्थायी सुधार की मांग कर रहे हैं ताकि आगे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित न हो.

इस पूरे मामले में जब संबंधित एसडीओ से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि कार्य सही तरीके से किया जा रहा है और कोई नेतागिरी न करे. किसानों का कहना है कि विभागीय अधिकारी स्वयं यह नहीं जानते कि मरम्मत में कितने एमएम की गिट्टी और कितनी मोटाई की सरिया इस्तेमाल की जा रही है, फिर कार्य की गुणवत्ता को सही कैसे बताया जा सकता है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिना स्वीकृत बजट के मरम्मत कार्य कराया जा रहा है. साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि नारायणपुरा तालाब की मिट्टी का उपयोग फोरलेन सड़क निर्माण के पूराव कार्य में किया जा रहा है और उसी ठेकेदार से बदले में चंदिया बांध नहर की मरम्मत कराई जा रही है. किसानों का आरोप है कि बाद में लाखों रुपये के बिल लगाकर भुगतान निकाला जा सकता है.

अकाउंट के बारे में दी जानकारी

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. रोटरी क्लब सागर नेक्सस की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रो. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा एड. द्वारा की गई.

बैठक में क्लब सचिव रो. इंजी. अंकुर सिंह ठाकुर ने सभी सदस्यों को माय रोटरी अकाउंट के संबंध में जानकारी प्रदान की. रो. पुष्पा पटैल द्वारा रोटरी क्लब सागर नेक्सस के बैंक अकाउंट एवं उससे संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की गई. बैठक के दौरान आगामी सेवा कार्यों, सामाजिक गतिविधियों एवं क्लब की भावी योजनाओं पर चर्चा की गई. सभी सदस्यों ने समाजहित में अधिकाधिक सेवा कार्य करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर रो. डॉ. मो. अशफाक सिद्दीकी, रो. मोहित भल्ला, रो. यशवंत सिंह ठाकुर एड., रो. मनीष यादव, रो. रामबहादुर शाही सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

सड़क दुर्घटनाएं : हाईवे से हटेंगे अवैध वाहन

नवभारत न्यूज

ललितपुर 22 मई. जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं.

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम सत्य प्रकाश और एसपी मो.मुश्ताक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दुर्घटना रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए. डीएम ने मसौरा बैरियल और रोड़ा क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर नाराजगी जताई. उन्होंने निर्देशित किया कि हाईवे किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक और अन्य भारी वाहनों को तत्काल हटाया जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके. साथ ही परिवहन विभाग को नए बस अडडे पर बस स्टैंड का संचालन शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए गए. डीएम ने एनएचएआई अधिकारियों को राजमार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लगातार निगरानी करने तथा दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में अतिरिक्त कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए.

एसपी मो.मुश्ताक ने मसौरा बैरियल पर हुई दुर्घटनाओं को गंभीर बताते हुए क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिए कि केवल चालान करने तक सीमित न रहें, बल्कि अवैध रूप से खड़े वाहनों को सख्ती से हटवाकर हाईवे को पूरी तरह क्लियर कराया जाए.

उन्होंने गलत दिशा से वाहन चलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए. तदोपरान्त डीएम ने अधिकारियों के साथ न्यू टाउन रेलवे स्टेशन के पास हाईवे का स्थलीय निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि स्टेशन से हाईवे की ओर बढ़ते ट्रैफिक के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है. इसे देखते हुए एनएचएआई को संकेतक बोर्ड, साइनेज, रिफ्लेक्टिव टेप, जीआई रिफ्लेक्टिव शीट, स्पीड ब्रेकर एवं टेबल टॉप लगाने के निर्देश दिए.

तैयारियां श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा

सानौधा में पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

सागर 22 मई. ग्राम सानौधा में एक जून से मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं सकल दिगंबर जैन समाज के प्रबुद्धजनों के साथ विधायक प्रदीप लारिया की बैठक जैन धर्मशाला सानौधा में हुई.

बैठक में महोत्सव की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई. विधायक श्री लारिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह आध्यात्मिक आयोजन क्षेत्र की आस्था एवं गौरव से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाएं. विधायक श्री लारिया ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजजनों के साथ पंचकल्याणक महोत्सव स्थल का अवलोकन कर तैयारियों का निरीक्षण भी किया.

गौरतलब है कि ग्राम सानौधा में 1 जून से 6 जून तक मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. कार्यक्रम अनुसार आयोजन 01 जून को घटयात्रा, ध्वजारोहण एवं गर्भ कल्याणक, 2 जून, 3 जून जन्म कल्याणक, 4 जून तप कल्याणक, 5 जून ज्ञान कल्याणक एवं 6 जून को मोक्ष कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन होगा. आयोजन समिति में जयकुमार जैन अध्यक्ष, सुधीर जैन एवं आनंद जैन प्रमुख रूप से जिम्मेदारी निभा रहे हैं. बैठक में तहसीलदार परसोरिया सर्किल दुबे, सचिन गुप्ता, सीईओ जनपद पंचायत सागर, हेमंत पटेल सूबेदार ट्रैफिक, भगत सिंह थाना प्रभारी सानौधा, सुशील पांडेय जेई एमपीईबी, नेहा वर्मा पीएचई, नामदेव पीडब्ल्यूडी, आरआई, पटवारी, पंचायत इंस्पेक्टर, सरपंच सानौधा, जयकुमार जैन, सुधीर जैन, आनंद जैन, सुभाष जैन, संपत जैन, मनीष जैन, वीरेंद्र जैन, कालीचरण तिवारी, गोविंद सिंह, धीरज सिंह, सीताराम उपाध्याय, आशु सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे.